कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022 **दिनांक 01/03/2026**

सेवा में,

पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर
अपर पुलिस महानिदेशक,
वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0 ।

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है ।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 28.02.2026** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

1. थाना नन्दगंज पुलिस द्वारा कस्बा नन्दगंज में महिलाओं का झपट्टा मारकर उनके मंगलसूत्र का लॉकेट एवं मोती छीनने वाला बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल / गिरफ्तार। जिसके कब्जे से 02 मंगलसूत्र का लॉकेट पीली धातु व 04 अदद मोती पीली धातु, एक अदद मोटर साईकिल अपाचे 160 व एक अदद नाजायज तमन्चा .315 बोर, एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद।

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांकः- 27/28.02.2026 मध्यरात्रि को थानाध्यक्ष नन्दगंज मय पुलिस बल द्वारा रामपुर बन्तरा कट पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था कि जरिए मुखबिर खास सूचना मिली कि कस्बा नन्दगंज से दिनांक- 01 फरवरी 2026 एवं 10 फरवरी 2026 को महिलाओं का झपट्टा मारकर उनके मंगलसूत्र छीनने वाला बदमाश उन आभूषणों को बेचने के लिए कहीं जा रहा है, यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर विश्वास कर पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास के बताये स्थान बरहपुर रेलवे क्रासिंग के बगल से जाने वाले रास्ते पर पहुँचकर अभियुक्त को पकड़ने का प्रयास किया गया तो बदमाश पुलिस बल को सामने देखकर पीछे मुड़कर भागना चाहा कि फिसलकर गिर गया तथा अपनेआप को घिरा देखकर बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई जिसके जवाब में पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ संतुलित जवाबी फायरिंग की गई तो बदमाश के दाहिने पैर मे गोली लगी है और वह घायल हो गया है। जिसे तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल गाजीपुर भेजा गया व आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही हैः-

घायल / गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

सर्वजीत यादव पुत्र हरिनारायन यादव निवासी ग्राम सिलौटा थाना धीना जनपद चन्दौली उम्र करीब 26 वर्ष

अभियुक्त का अपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0- 224/2020 धारा 401 भा0द0वि0 थाना जमानियाँ जनपद गाजीपुर
2. मु0अ0सं0- 36/2026 धारा 304(2), 317(2) बी0एन0एस0 थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर
3. मु0अ0सं0- 53/2026 धारा 304(2), 317(2) बी0एन0एस0 थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर
4. मु0अ0सं0- 69 /2026 धारा 109(1) BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर

अभियुक्त के कब्जे से बरामदगी -

1. दो मंगलसूत्र का लॉकेट पीली धातु व चार अदद मोती पीली धातु
2. घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटर साईकिल अपाचे आर0टी0आर0 160 रजिस्ट्रेशन नं0 UP67Y1116
3. एक अदद नाजायज तमन्चा .315 बोर
4. एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर
5. एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर